# वी.यू. में संपन्न हुआ पोल्ट्री उद्योग में उन्मुखीकरण कार्यक्रम

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में एवं अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा जी के दिशा निर्देशानुसार दिनांक 03/10/2023 को पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर के सभागार में पोल्ट्री उद्योग में उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ स कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. गिर्राज गोयल प्रभारी कुक्कुट विज्ञान विभाग ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया। इस अवसर पर एबीस एक्सपोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इंडियन ब्रायलर ग्रुप रंजनगांव छत्तीसगढ़ से पधारे हुए डी.जी.एम. डॉ. राहुल हरदास एवं सीनियर मैनेजर देविंदर सिंह जी द्वारा पशु चिकित्सा ग्रेजुएट के अंतिम वर्ष के इंटर्नशिप कर रहे हैं छात्र–छात्राओं को पोल्ट्री उद्यमिता का महत्व तथा संभावनाएं के बारे में जानकारी दी एवं भविष्य में उद्यमी बनने हेतु आवश्यक जानकारी से अवगत करवाया। इस अवसर पर अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर के डॉ. आर. के. शर्मा ने मुर्गी पालन उद्योग का राष्ट्र के जीडीपी में योगदान के बारे में जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में अधिष्टाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा, इंटर्नशिप इंचार्ज डॉ. देवेंद्र गुप्ता एवं कुक्कुट विज्ञान विभाग के डॉ अनिल शिंदे एवं डॉ. लक्ष्मी चौहान के साथ लगभग 70 ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट के छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही । अंत में कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ गिर्राज गोयल द्वारा किया गया।

यह कार्यक्रम विशेष तौर पर इंटर्नशिप एवं स्थानकोत्तर छात्र–छात्रों को पोल्ट्री उद्योग के बारे में अवगत करवाने हेतु आयोजित किया गया था।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर